भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
30.07.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1699 का उत्तर

महाराष्ट्र के विभिन्न स्टेशनों पर रेलगाड़ियों का ठहराव पुनः शुरू करना

1699. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:
श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:
श्री संजय उत्तमराव देशमुख:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रेलगाड़ियों का ठहराव प्रदान कराने के संबंध में सरकार की नीति क्या है;
(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं;
(ग) क्या सरकार को महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से रेलगाड़ियों का ठहराव प्रदान करने के लिए कोई प्रस्ताव/अनुरोध प्राप्त हुए हैं;
(घ) यदि हां, तो महाराष्ट्र में विशेषकर उस्मानाबाद स्टेशन और वाशिम-यवतमाल और शिर्डी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के रेलवे स्टेशनों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;
(ङ) क्या सरकार को महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर बीड जिले के बीड शहर के बर्शी नाका क्षेत्र में रेलवे स्टेशन स्थापित करने का भी अनुरोध प्राप्त हुआ है;
(च) यदि हां, तो इन प्रस्तावों पर अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;
(छ) सरकार द्वारा इन मांगों को स्वीकार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;
(ज) क्या सरकार का शिर्डी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक नया रेलवे स्टेशन स्थापित करने का विचार है, यदि हां, तो इसकी स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है; और
(झ) सरकार द्वारा कोविड काल के दौरान स्टेशनों पर बंद किए गए रेलगाड़ियों के ठहराव को पुनः शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (झ): भारतीय रेल पर, गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान और उनका युक्तिकरण उन कारकों पर निर्भर करता है जिनमें यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, स्टेशन का महत्व, वैकल्पिक सेवाओं की उपलब्धता आदि शामिल हैं।

इसके अलावा, अन्य बातों के साथ-साथ, गाड़ियों के ठहराव के प्रावधान के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन संसद सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालयों आदि सहित विभिन्न स्तरों पर प्राप्त होते हैं। चूंकि, ऐसे प्रस्तावों/अनुरोधों/सुझावों का प्राप्त होना सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए, ऐसे अभ्यावेदनों/अनुरोधों का केन्द्रीकृत सार-संग्रह नहीं रखा जाता। बहरहाल, इनकी जाँच की जाती है और समय-समय पर व्यवहार्य और औचित्यपूर्ण पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है।

वर्तमान में, धाराशिव (उस्मानाबाद), साईं नगर शिरडी, वाशिम स्टेशनों पर क्रमशः 22, 28 और 44 रेलगाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा हैं। इसके अलावा, ठहराव का प्रावधान एक सतत् प्रक्रिया है।

बीड स्टेशन को अहमदनगर-बीड-परली (261 किलोमीटर) नई लाइन परियोजना के एक भाग के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना की लागत 2539 करोड़ रुपये है। मार्च, 2025 तक 2784 करोड़ रुपये का व्यय हो चुका है। अहमदनगर-बीड (168 किलोमीटर) खंड कमीशन हो चुका है।

इसके अतिरिक्त, शिरडी निर्वाचन क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए, राहुरी-शनिशिंगनापुर (22 किलोमीटर) नई लाइन और पुणताम्बा - शिरडी (17 किलोमीटर) दोहरीकरण परियोजनाओं को हाल ही में स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा, शिरडी निर्वाचन क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण सर्वेक्षण शुरू किए गए हैं:

क्र.सं.	परियोजनाओं के नाम	लम्बाई (किमी में)
1	नासिक-साईंनगर शिरडी नई दोहरी लाइन	95
2	सिन्नर के रास्ते नासिक रोड-शिरडी नई लाइन	83
3	राहुरी-शनि शिंगणापुर नई लाइन	25
4	राहुरी-शनि शिंगणापुर का दोहरीकरण	21

01.04.2025 की स्थिति के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाली कुल 5,098 किलोमीटर लंबाई की 38 परियोजनाएं (11 नई लाइनें, 02 आमान परिवर्तन और 25 दोहरीकरण), जिनकी लागत 89,780 करोड़ रुपए है, स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से मार्च, 2025 तक 2,360 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और 39,407 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। कार्य की स्थिति संक्षेप में निम्नानुसार है:-

योजना शीर्ष	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (किलोमीटर में)	कमीशन की गई लंबाई (किलोमीटर में)	मार्च 2025 तक व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइन	11	1355	234	10504
आमान परिवर्तन	2	609	334	4286
दोहरीकरण/ मल्टीट्रैकिंग	25	3134	1792	24617
कुल	38	5098	2360	39407

महाराष्ट्र राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	₹1,171 करोड़ रुपए प्रति वर्ष
2025-26	₹23,778 करोड़ रुपए (20 गुना से अधिक)

2009-14 और 2014-25 के दौरान महाराष्ट्र राज्य में पूर्णत:/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ की कमीशनिंग/बिछाने का विवरण निम्नानुसार है:-

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ की लंबाई	कमीशन किए गए नए रेलपथ की औसत लंबाई
2009-14	292 कि.मी.	58.4 किलो मीटर प्रति वर्ष
2014-25	2292 कि.मी	208.36 किलो मीटर प्रति वर्ष (लगभग 4 गुना)

महाराष्ट्र में पूर्णतः/अंशतःपड़ने वाली तथा हाल ही में पूरी हुई कुछ परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	जबलपुर-गोंदिया आमान परिवर्तन (300 किलोमीटर)	2005
2	छिंदवाड़ा-नागपुर आमान परिवर्तन (150 किलोमीटर)	1512
3	पनवेल-पेन दोहरीकरण (35 किलोमीटर)	263
4	पनवेल-रोहा भूमि अधिग्रहण दोहरीकरण (75 किलोमीटर)	31
5	पेन-रोहा दोहरीकरण (40 किलोमीटर)	330
6	उधना-जलगांव दोहरीकरण (307 किलोमीटर)	2448

7	मुदखेड-परभणी दोहरीकरण (81 किलोमीटर)	673
8	भुसावल-जलगांव तीसरी लाइन (24 किलोमीटर)	325
9	जलगांव-भुसावल के बीच चौथी लाइन (24 किलोमीटर)	261
10	दौंड-गुलबर्गा दोहरीकरण (225 किलोमीटर)	3182

महाराष्ट्र में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं जो शुरू की गई हैं, वे निम्नानुसार हैं:-

क्र. सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	अहमदनगर-बीड-परली वैजनाथ नई लाइन (261 किलोमीटर)	4957
2	बारामती-लोनंद नई लाइन (64 किलोमीटर)	1844
3	वर्धा-नांदेड़ नई लाइन (284 किलोमीटर)	3445
4	दिघी पोर्ट-रोहा नई लाइन (34 किलोमीटर)	725
5	सोलापुर-तुलजापुर-उस्मानाबाद नई लाइन (84 किलोमीटर)	2933
6	धुले (बोरविहिर) - नरदाना नई लाइन (51किलोमीटर)	1171
7	कल्याण-मुरबाद नई लाइन (28 किलोमीटर)	836
8	मनमाड-इंदौर नई लाइन (309 किलोमीटर)	16321
9	वडसा-गढ़चिरौली नई लाइन (52 किलोमीटर)	1886
10	जालना और जलगांव नई लाइन (174 किलोमीटर)	5804
11	मलकापुर तक विस्तार सहित पचोरा-जामनेर आमान परिवर्तन (84 किलोमीटर)	2094
12	रतलाम-महू-खंडवा-अकोला और महत्वपूर्ण आशोधनों सहित फतेहाबाद-चंद्रावती गंज-उज्जैन आमान परिवर्तन (525 किलोमीटर)	6384
13	कल्याण-कसारा - तीसरी लाइन (68 किलोमीटर)	1436
14	वर्धा (सेवाग्राम)-नागपुर तीसरी लाइन (76 किलोमीटर)	698
15	वर्धा-बल्हारशाह तीसरी लाइन (132 किलोमीटर)	1385
16	इटारसी-नागपुर तीसरी लाइन दोहरीकरण (280 किलोमीटर)	2450
17	पुणे-मिरज-लोंडा दोहरीकरण (466 किलोमीटर)	6463
18	दौंड मनमाड दोहरीकरण (236 किलोमीटर)	3037
19	मनमाड जलगाँव तीसरी लाइन (160 किलोमीटर)	1677
20	वर्धा-नागपुर चौथी लाइन (79 किलोमीटर)	1137
21	काजीपेट-बल्हारशाह - तीसरा दोहरीकरण (202 किलोमीटर)	3183
22	मुदखेड़-मेडचल और महबूबनगर-डोने दोहरीकरण (417 किलोमीटर)	4686

23	राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन (228 किलोमीटर)	3545
24	होटगी-कुडगि-गदग दोहरीकरण (284 किलोमीटर)	2459
25	औरंगाबाद-अंकाई दोहरीकरण (98 किलोमीटर)	961
26	परभणी-परली वैजनाथ दोहरीकरण (65 किलोमीटर)	770
27	जलगांव-मनमाड चौथी लाइन (160 किलोमीटर)	2574
28	भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन (131 किलोमीटर)	3285

*****